प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 14.02.2025

- **थाना रूरा पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की धनराशि को कराया गया वापस।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता के Whatsapp पर APK File का लिंक भेजकर ₹ 1,00,000 की धोखाधड़ी की गयी।**
- **उक्त घटना के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी थी।**
- **₹ 1,00,000 की धनराशि को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 31.10.2023 को शिकायतकर्ता श्री अभिषेक कुमार पुत्र स्व0 ओंकारनाथ निवासी भिखनापुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के व्हाट्सएप्प पर साइबर अपराधी द्वारा एक एपीके फाइल का लिंक भेजा गया था जिस पर क्लिक करते ही शिकायतकर्ता के खाते से दिनांक 31.10.2023 को ही धोखाधड़ी कर कुल 1,00,000 रूपये निकाल लिये गये। जिसके सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर लगातार जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना रूरा साइबर सेल हेल्प डेस्क द्वारा दिनांक 13.02.2025 को शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 1,00,000 को वापस कराया गया। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 1,00,000

धनराशि वापस कराने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह
2. का0 सुनील चौधरी